तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा

तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा,
तुम्हारे पास रहते है ये रेहमत है तेरी बाबा,
इनायत है तेरी बाबा ये रेहमत है तेरी बाबा,
तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा,

करे कितना ख्याल तू हमारे सुख दुःख का हर पल,
तेरी मुस्कान पे बाबा होती है दिल में भी हलचल,
तू हमे भुलाता है ये रेहमत है तेरी बाबा,
हमे गले लगाता है ये रेहमत है तेरी बाबा
इनायत है तेरी बाबा ये रेहमत है तेरी बाबा,
तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा,

तेरे रहमो कर्म पे ही उजलाला हस के होता है,
तुम्हारा प्रेमी हो निडर चैन की नींद सोता है,
तुम्हारी पहरेदारी है ये रेहमत हैं तेरी बाबा,
तू लेता जिम्मेदारी है ये रेहमत तेरी है बाबा,
इनायत है तेरी बाबा ये रेहमत है तेरी बाबा,
तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा,

मिला है साथ जब से हम बड़ी मस्ती से जीते है,
संग चोखानी के हम भी नाम का प्याला पीते है,
निभाता रिश्तो का बंधन ये रेहमत है तेरी बाबा,
तेरे वश में है गौतम ये रेहमत है तेरी बाबा
इनायत है तेरी बाबा ये रेहमत है तेरी बाबा,
तुमसे बात करते है इनायत है तेरी बाबा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12582/title/tumhse-baat-karte-hai-inayaat-hai-teri-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |